25 JUNE 2024 M4U:Layout 1 24-Jun-24 11:37 PM Page 1

दैनिक
जनता की आवाज
# मीडिया फॉर यू
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
मंगलवार 25 जून 2024
वर्ष: 09, अंक: 152
पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



दिनदहाड़े फायरिंग मामले में... 4

# उत्तर प्रदेश में अग्निवीर के लिये भर्तियां शुरू, 30 जून तक रहेंगी जारी

## 1.6 किमी दौड़, जिगजैग बैलेंस, नौ फीट कूद और बीम शामिल रहेगा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जिस अग्निवीर योजना को लेकर खूब हो हल्ला मचाया था, उस अग्निवीर योजना के तहत उत्तर प्रदेश में नई भर्तियां होने जा रही हैं। जो युवा अग्निवीर बनना चाहते हैं वह मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड पर अग्निवीर भर्ती रैली केन्द्र पर आयोजित होने वाली परीक्षा में हिस्सा ले सकते हैं,जो 23 जून 2024 सक शुरू हो गई है और दो जुलाई तक चलेगी। रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि रैली में फिजिकल फिटनेस टेस्ट होगा, जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिगजैग बैलेंस, नौ फीट कूद और बीम शामिल रहेगा। इस टेस्ट को पास करने वालों का शारीरिक माप परीक्षण होगा, जिसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन व सीने की चैड़ाई मापी जाएगी। इस टेस्ट में पास होने के बाद दस्तावेजों को चेक किया जाएगा, जिनके दस्तावेज सही मिलेंगे, वे अगले दिन मेडिकल जांच के लिए भेजे जाएंगे।



इसी क्रम में 24 जून को अग्निवीर ट्रेड्समैन( 10वीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास) की श्रेणी के लिए अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के युवाओं के लिये तो 25 जून को अग्निवीर कार्यालय सहायक-एसकेटी अग्निवीर तकनीकी श्रेणी के लिए अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के युवाओं के लिये परीक्षा होगी।

वहीं 26 जून को अम्बेडकरनगर, बस्ती व महराजगंज जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती रैली होगी तो 27 जून को कुशीनगर, कौशांबी, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। 28 जून को सुल्तानपुर और प्रयागराज के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती होगी। 29 जून: प्रतापगढ़ और अमेठी के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती रखी गई। वहीं 30 जून को अयोध्या व रायबरेली के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती रैली आयोजित की जायेगी। इसके पश्चात एक व दो जुलाई: मेडिकल परीक्षण होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अचानक धू धू कर जलने लगी कार चालक ने कूद कर बचाई अपनी जान



**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली**

बाराबंकी थाना जहांगीराबाद इलाके में खंदौली गांव के निकट सड़क पर फरार्टा पर रही मारुति कर में अचानक आग लग गई आसपास के लोगों ने कार से आग की लपटें निकलते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी करीब 1 घंटे बाद जब तक फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंचती तब तक कार पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम मीडिया फॉर्म निवासी आलू व्यापारी शिव शंकर वर्मा पुत्र अवध शरण वर्मा सोमवार को घर से देवां के लिए अपनी मारुति कर लेकर निकले थे जहांगीराबाद बाराबंकी मार्ग पर चंदौली गांव के पास उनकी कर अचानक बंद हो गई और इंजन के पास से धुआं निकलने लगा जब तक शिव शंकर कुछ समझ पाते तब तक बोनट से आग की लपेटें निकलने लगी देखते ही देखतेआग की लपटें तेज हो गई और पूरी कार जलने लगी कार जलती देख शिव शंकर वर्मा ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई

### एनसीबी ने महाराष्ट्र के अहमदनगर में 111 किलोग्राम गांजा जब्त किया, चार गिरफ्तार



**मुबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले से करीब दो करोड़ रुपये मूल्य का 111 किलोग्राम गांजा जब्त करने के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करके एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एनसीबी की मुंबई स्थित क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी के अनुसार पुणे का यह गिरोह ओडिशा से तस्करी करके लाए गए गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों को मुंबई तथा पुणे के लोगों तक पहुंचाने के अवैध धंधे में शामिल था। उन्होंने कहा कि निगरानी एवं अन्य तरीकों की मदद से पुणे के इस गिरोह की पहचान की गयी। उन्होंने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह में शामिल तस्करों को पकड़ने में आने वाली चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वे (तस्कर) बार-बार अपना ठिकाना, रास्ता और मोबाइल नंबर बदल रहे थे। अधिकारी ने कहा, उनकी कार्यप्रणाली और पैटर्न को ध्यान में रखकर गहन निगरानी के माध्यम से उनके बारे में खुफिया सूचनाएं जुटायी गयीं।

उन्होंने कहा कि अहमदनगर जिले में पाथर्डी के समीप गांजा की खेप जब्त की गई और चार संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एनसीबी के जांच दल ने मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की गयी गाड़ियां भी जब्त कर लीं और मामले की जांच जारी है।

## मोदी सरकार पर बरसे अखिलेश, कहा- अच्छे दिन का इंतजार करते-करते थक गई है जनता, पेपर लीक करवाती है भाजपा

**एजेंसी।** 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद पहले संसद सत्र के उद्घाटन दिवस पर विपक्ष का उत्साह देखने को मिला। उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करने वाले अखिलेश यादव का भी उत्साह चरम पर है। इन सब के बीच अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मैं देश की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं। देश की समझदार जनता ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वोट किया है। मैं लोगों को धन्यवाद देना और आभार व्यक्त करना चाहता हूं।'



सपा नेता ने कहा कि लोग 'अच्छे दिन' का इंतजार करते-करते थक गए हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में खुशी के दिन जरूर आएंगे।' उन्होंने कहा कि आप लोग आज संविधान को लेकर चल रहे हैं...जो अच्छा है उसके लिए हम काम करेंगे, जो अच्छा है उसके रास्ते पर चलेंगे। के पद को लेकर चर्चा पर वे कहते हैं, "चचाएं होंगी...हर फैसला समय पर लिया जाएगा...।" राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से बात करते हुए, यादव ने कहा, "यह कोई नई बात नहीं है। यह भाजपा का पुराना तरीका है। यदि आप इतिहास देखें, तो भाजपा अपने लोगों को खुश करने के लिए परीक्षा के पेपर लीक करवाती है। यह यूपी में एक बड़ा मुद्दा था और अब यह दिल्ली तक पहुंच गया है। उन्होंने करोड़ों लोगों को धोखा दिया है।"

सपा प्रमुख ने आगे देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "मैं देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने संविधान को बचाने के लिए वोट किया।" एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए को परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप देश भर में कई विरोध प्रदर्शन हुए, प्रदर्शनकारियों और राजनीतिक दलों ने एनटीए को भंग करने की मांग की। अभूतपूर्व रूप से 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक का पूर्ण स्कोर हासिल किया, जिससे चिंताएं और बढ़ गईं।

## गुजरात में बीजेपी के साथ लंबा सफर तय करने वाली निमुबेन बांभणिया को मोदी कैबिनेट में मिली जगह

**नई दिल्ली एजेंसी।** गुजरात की भावनगर सीट से पहली बार संसद का रास्ता तय करने वाली निमुबेन बांभणिया को नरेंद्र मोदी कैबिनेट में शामिल किया गया है। सरकार में उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया है। निमुबेन बांभणिया के सामने आप नेता उमेशभाई खड़े थे जिन्हें बीजेपी नेता ने 455289 वोटों से हराया है। सीट पर जीत हासिल करने वाली निमुबेन को कुल 716883 वोट मिले। पेशे से टीचर रहीं निमुबेन तलपड़ा कोली समाज से आती हैं। निमुबेन बाभंणिया का राजनीतिक करियर भी शानदार रहा है। वह समाज में बदलाव लाने के उद्देश्य से टीचिंग भी करती आई हैं।



निमुबेन बाभंणिया का जन्म 8 सितंबर 1966 को हुआ था। उनकी उम्र 57 साल है और उनके पति का नाम जयंतीभाई बाभंणिया है। शैक्षिक योग्यता की बात करें उन्होंने गणित एवं विज्ञान के क्षेत्र में बीएससी और बीएड की हुई है। पेशे से वह टीचर रही हैं और उन्हें एग्रीकल्चरिस्ट भी कहा जाता है। एक प्रसिद्ध राजनेता होने के अलावा निमुबेन बाभंणिया एक सोशल वर्कर भी रही हैं। उनकी छवि शांत, आदर्श और सरल है। पेशे के शिक्षिका रहीं निमुबेन और उनके पति स्कूल चलाते हैं। उनके पति को शिक्षक बताया जाता है। मेयर बनने के बाद निमुबेन ने सरकारी वाहनों के इस्तेमाल के खिलाफ फैसला लिया था। यहां तक उनके परिवार के सदस्यों को भी उनके कार्यालय में आने की इजाजत नहीं थी।

साल 2005 से 2020 तक निमुबेन बाभंणिया तीर बार पार्षद रही हैं। वह घोघो सर्कल वार्ड नंबर 13 की काउंसलर रही हैं। निमुबेन 2009 से 2010 और 2015 से 2018 तक भावनगर की मेयर भी रहीं। इसके अलावा निमुबेन ने साल 2011 से 2016 के बीच कोली विकास निगम के निदेशक की भूमिका भी निभाई। वह गुजरात ठाकोर के लिए भी काम कर चुकी हैं। साल 2011 से 2013 तक अमरेली, 2013 से 2019 तक सुरेंद्रनगर, 2019 से 2020 तक भावनगर, 2021 से 2023 तक सुरेंद्रनगर और साल 2023 में जूनागढ़ की प्रभारी के रूप में काम किया। जूनागढ़ की प्रभारी रहते हुए उन्होंने अपनी सीट पर चुनाव लड़ा और कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी निभाई।

## ट्रैक्टर ट्राली सीज होते ही खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी: अशरफ अली**

अवैध खनन कर लाई जा रही मिट्टी लदी दो ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ टिकैतनगर पुलिस ने थाने पर ले जाकर सीज कर दिया हैं । तेज त रार कोतवाल संजीत कुमार सोनकर की कार्यवाही से क्षेत्र में खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।पुलिस ने रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी है।सुखीपुर चौकी

क्षेत्र के नबाबगंज गाव के पास मिट्टी खोदकर बेचने वालों की लगातार शिकायत टिकैत नगर कोतवाल को मिल रही थी। सुखीपुर चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर बेचा जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद चौकी सुखपुर के चौकी इंचार्ज इंद्रजीत सिंह टिकैतनगर पुलिस ने छापेमारी की तो नबाबगंज पुलिया के पास मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर ट्राली आते दिखाई दिए पुलिस को आता देख चलाक ट्रैक्टर ट्रालियों को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए।टिकैतनगर पुलिस कांस्टेबल अवधेश कुमार गौरव शर्मा हेड कांस्टेबल पवन कुमार यादव ने दोनों ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया और थाने ले




जाकर सीज कर दिए।और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। चौकी इंचार्ज सुखीपुर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर रिपोर्ट खनन अधिकारी व अपर जिला अधिकारी को भेजी जा रही है। इस कार्यवाही से टिकैतनगर क्षेत्र में खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है

## देश-विदेश के कवियों की काव्य चौपाल है प्रभा श्री काव्य गोष्ठी का साप्ताहिक मंच

**मीडिया फॉर यू**

काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी "स्वाती" (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस



सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम अरविन्द मोहन नायक (जबलपुर), वीना कुमार (ऐशबर्न, अमरीका), मयंक वैद्य (पुणे ), दिव्या मिश्रा (बस्ती)' सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी "स्वाती" के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) ने बताया कि विगत पांच वर्षों में तकरीबन डेढ़ सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर १० हजार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके ' यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वर्ङ्ग प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह मंच साप्ताहिक है, प्रतिभाग करने के इच्छुक कवि प्रियंका "गीत" जी से संपर्क कर सकते हैं।

25 JUNE 2024 M4U:Layout 1 24-Jun-24 11:37 PM Page 2



## सम्पादकीय

# मानसिकता बदलने की जरूरत

निस्संदेह, दुनिया भर में लैंगिक समानता और महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक दिये जाने के लिये विभिन्न मंचों से लगातार आवाज उठती रही है। वहीं दुनिया के कई संगठन चुनिंदा आंकड़ों के जरिये पूरी दुनिया में लैंगिक स्थिति मापने का दावा भी करते रहे हैं। यह भी तथ्य है कि सदियों तक औपनिवेशिक शासन के अधीन रहने वाले विकासशील देश विकसित देशों की महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति का मुकाबला नहीं कर सकते। फिर दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले एक देश की तुलना छोटे देश आइसलैंड से कदापि नहीं की जा सकती। इसके बावजूद विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़े नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका जरूर देते हैं। समाज के लिये भी यह विचारणीय प्रश्न है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है। निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर संकट वास्तविक है। जो हमारी विकास योजनाओं और नीतियों के व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता बता रही है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है। हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे। हालांकि, किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। लेकिन विश्व आर्थिक मंच के आंकड़े हमें आत्ममंथन का अवसर जरूर उपलब्ध कराते हैं। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं। हमें यह सोचना होगा कि पिछले बार जहां हम विश्व आर्थिक मंच की सूची में 127वें स्थान पर थे, तो इस बार दो स्थान फिसलकर 129वें स्थान पर कैसे पहुंच गए। वहीं महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों की समानता के मामले में हम आज दसवें स्थान पर हैं। ऐसा नहीं है कि समाज की पुरुषवादी सोच में बदलाव नहीं आया। लेकिन बदलाव की गति धीमी है। निस्संदेह, आजादी के मुकाबले स्थितियां बहुत बदली हैं, लेकिन ये प्रगति संतोषजनक नहीं है। दरअसल, समाज में पुरुष वर्चस्व की मानसिकता को बदलने की जरूरत है। विश्वास किया जाना चाहिए कि बराबरी के सवाल पर हमारी पहल देर-सवेर रंग जरूर लाएगी।

# 01 करोड़ रु0 की चोरी करने वाले दो चोरों को किया गिरफ्तार

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**जनपद मथुराः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा के आदेशानुसार अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना फरह के कुशल नेतृत्व में निरीक्षक अपराध थाना फरह मय पुलिस टीम व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमा भादवि में प्रकाश में आये 02 अभियुक्तगण 1. लीला उर्फ लीलाधर पुत्र लाल सिहं निवासी मौहल्ला शाही सराय कस्वा व थाना फरह जनपद मथुरा को दिनांक 23 जून को समय करीब 23.50 बजे कस्बा फरह से चोरी किये हुए रूपयों में से 4,30,000 रू0 व चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन सहित गिरफ्तार किया गया तथा प्रकाश में आये दूसरे अभियुक्त 2.कृष्णकांत पुत्र रमेशचंद निवासी गढी पचौरी थाना फरह जनपद मथुरा उम्र करीब 40 वर्ष हाल निवासी फरह देवी मंदिर के पीछे नई बस्ती, थाना फरह जनपद मथुरा को दिनांक 24.06.2024 को समय करीब 06.40 बजे आगरा-मथुरा रोड़ भीम नगर की पुलिया से दो बैगों में रखे हुए चोरी किये गये रूपयों में से 92,00,000 रुपये, एक स्कूटी वढ85 इ 9812 सहित गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है दिनांक 23 जून को वादी श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 राधेलाल निवासी ऊ-106, कमला नगर, आगरा, मूल निवासी कस्बा फरह जनपद मथुरा के द्वारा कस्बा फरह में स्थित अंजनी नन्दन गैस सर्विस के बगल से स्थित इमारत में अपनी दुकान में रखे एक करोड़ रुपयों की दुकान के ताले तोड़कर तिजोरी काटकर चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फरह जनपद मथुरा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया ।विवेचना के दौरान प्रकाश में आये संदिग्ध अभियुक्त लीला उर्फ लीलाधर पुत्र लाल सिंह निवासी मौहल्ला शाही सराय कस्बा व थाना फरह मथुरा से पूछताछ में अभियुक्त कृष्णकान्त पुत्र रमेश चन्द्र निवासी गढी पचौरी थाना फरह जनपद मथुरा हाल निवासी फराह देवी मंदिर के पीछे नई बस्ती थाना फरह जनपद मथुरा उम्र करीब 40 वर्ष प्रकाश में आया तथा अभियुक्त लीला उर्फ लीलाधर उपरोक्त की निशादेही पर चोरी किये गये रूपयों में से 4,30,000 रुपये बरामद किये गये तथा अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी । तदोपरान्त मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त कृष्णकान्त पुत्र रमेश चन्द्र निवासी गढी पचौरी थाना फरह जनपद मथुरा हाल निवासी फराह देवी मंदिर के पीछे नई बस्ती थाना फरह जनपद मथुरा उम्र करीब 40 वर्ष के कब्जे से चोरी किये गये रुपयों में से 92,00000 रुपये बरामद किये गये तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गयी अभियोग उपरोक्त का मुख्य अभियुक्त कृष्णकान्त उपरोक्त फरह कस्बे में ही प्ले स्कूल से लेकर कक्षा 5 तक न्यू स्मार्ट बचपन प्री स्कूल चलाता है जिसमें लगभग 250 से 300 बच्चे है जो कि कस्बा फरह का एक प्रतिष्ठित स्कूल है जो मुकदमा वादी श्री मुकेश अग्रवाल के परिसर में किराये पर संचालित करता है तथा अभि0 कृष्णकान्त उपरोक्त द्वारा अलग से फराह मंदिर के पीछे अपनी जमीन पर स्कूल परिसर तैयार कराया जा रहा है जो लगभग 02 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है । घटना के सम्बन्ध में पूछताछ व अन्य तथ्यों से जानकारी यह हुई कि दिनांक 28 मई को वादी श्री मुकेश अग्रवाल अपने पुत्र के साथ अपने परिसर में स्थित एक दुकान जिसमें उसके पिताजी दुकान करते थे उसमें एक तिजोरी वजन करीब 05 क्विंटल है तथा काफी मजबूत है जिसमें वादी द्वारा समय समय पर अपने पैसे रखने आते थे कि किसी को इसके बारे में शंका नहीं होगी कि इसमें कोई रुपये रखे हैं ।इसी आशय से वादी द्वारा अपने पुत्र के साथ आकर 01 करोड़ रुपये लाकर रखे थे तथा बार बार किरायेदार /अभियुक्त कृष्णकान्त उपरोक्त से पूछा जा रहा था कि ताला ठीक से लगा है कि नहीं ,उसमें हमारे कुछ महत्वपूर्ण कागजात रखे हैं उनका ख्याल रखना । तो इसी क्रम में अभियुक्त कृष्णकान्त उपरोक्त ने बताया कि जब मकान मालिक मुझे बार बार तिजोरी में रखे कागजातों के बार में देखभाल करने के लिए कह रहा है तो मुझे शंका हुई तो मैंने परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा कि मकान मालिक दो झोले में वजनी सामान लेकर अंदर घुसे और उसको तिजोरी में खोलकर रख दिया और उस पर तिजोरी के आसपास पड़ा धूल को उठाकर तिजोरी पर फेंक दिया तो मुझे स्पष्ट हो गया कि इसमें कोई कागजात नहीं है इसमें रुपये हैं जो करीब 5 से 7 करोड़ होगें । इसके बाद मेरे मन में चोरी का भाव आ गया तो मैंने एक ग्राइन्डर लाकर ताले काट दिये और अंदर तिजोरी को काटने की कोशिश करने लगा लेकिन वह नहीं कटी फिर मैं चोरी का प्लान त्याग दिया लेकिन तीन रातों तक मुझे नींद नहीं आई और सपनो में नोट नजर आते थे तो मैंने अपने कई मित्रों से ये बात पूछी थी कि कहीं अवैध रूप से 5 से 7 करोड़ रुपये रखे हों तो क्या करना चाहिये तो भदाया के एक शिक्षक जो मेरे मित्र हैं ने कहा कि उसको लेकर अपनी जिंदगी सुधारना चाहिए । फिर मैंने एक कस्बे के प्रतिष्ठित पुजारी से पूछा उन्हों ने कहा कि जो हमारा नहीं है वह कितना भी हो उससे हमारा कोई मतलब नहीं है वह हमारे लिए मिट्टी है लेकिन मेरे मन में पाप बैठ गया था तो मैंने अपने यहां काम करने वाले विश्वाशपात्र लीला उर्फ लीलाधर कारपेंटर को बताया तो उसने कहा कि भैया मर जायेंगे हम लोग तो मैंने कहा कि सेठ किसी से शिकायत नहीं करेगा सब अवैध पैसा है मेरे समझाने पर वह तैयार हो गया तो हम लोगों ने 16 जून की रात्रि में 05 घण्टे तक तिजोरी को काटा और पैसे निकाल लिए हमने पैसे गिने नहीं थे । मैंने उसमें से 02 लाख रुपया लीला को दिया तो लीला झगड़ा करने लगा और जबरदस्ती 03 लाख रुपया और ले लिया । इस तरह स्कूल संचालक द्वारा लालच में आकर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया ।




# कलाकारों के सम्मान समारोह के साथ कण कण मे राम प्रदर्शनी का समापन के अवसर पर मुजफ्फरनगर के चित्रकार प्रवीण कुमार सैनी की पेंटिंग को श्रेष्ठ कृति पुरुस्कार मिला

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर उत्कर्ष ललित कला अकादमी लखनऊ द्वारा आयोजित सातवीं अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी "कण कण में राम "शीर्षक से चल कला दीर्घा कला स्त्रोत में आयोजित की गई प्रदर्शनी का समापन समारोह एवं अशोक सिंघल लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड तथा पद्म बाबा योगेन्द्र कला श्री सम्मान तथा प्रदर्शनी के लिए प्राप्त कृतियों में से उत्कृष्ट कला कृति सम्मान का आयोजन सम्मिलित दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ अकादमी के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह पुंडीर ने अतिथियों के स्वागत उद्बोधन के साथ आरंभ किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरी शंकर राष्ट्रीय मंत्री, विश्व हिंदू परिषद,नई दिल्ली, संत प्रवर सुनील कौशल महाराज आश्रम वृन्दावन, मथुरा, माननीय बांकेलाल गौड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, संस्कार भारतीनई दिल्ली स्वतंत्र प्रकाश गुप्त, राज्य सूचना आयुक्त,उ प्र, गिरीश मिश्र (सह मंत्री), संस्कार भारती उ प्र उपस्थित रहे। माननीय अशोक सिंघल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड डॉ सुनील कुमार सक्सेना लखनऊ, डॉ अनिता अलीगढ़, प्रो सविता नाग मेरठ, प्रो ओ पी शर्मा जम्मु, प्रो सोनू द्विवेदी (शिवानी) अल्मोड़ा, प्रो राका अग्रवाल मेरठ , डा अशोक कुमार गुप्ता, हरिद्वार, खुशी राम जौहरी, नोएडा,को प्रदान किया गया। पद्म बाबायोगेन्द्र कला सम्मान संतोष पाठक, महाराष्ट्र, डॉ कावेरी विज प्रयागराज, डॉ अनुराधा आर्या बरेली , डॉ पुनीत शर्मा मुरादाबाद, प्रो सरोज रानी वाराणसी, प्रो अलका आर्या रुड़की, हरिद्वार, गीता खखसाल उत्तराखण्ड, शिवानी सहारनपुर, डॉ अभिलाषा चौधरी कानपुर को स्मृति चिन्ह , प्रमाण पत्र, व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कृति के लिए डॉ अनु महाजन बरेली , विभाष पांडेय लखनऊ,संस्कार भारती मेरठ प्रान्त के प्रान्त कला संयोजक तथा डी ए वी इन्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रवक्ता प्रवीण सैनी,की कृति को श्रेष्ठ कृति के रूप में सम्मानित किया गया साथ ही दिवाकर आर्य बरेली, विधि रस्तोगी,बरेली रचना बागची बरेली, डॉ अर्चना सक्सेना बरेली, परमानंद बरेली, पायल त्रिपाठी यू एस ए डॉ0 अंगद कुमार वर्मा लखनऊ, डॉ0 स्मिता तिवारी गोला को भी अंगवस्त्र, समृति चिन्ह, व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह में वरिष्ठ कलाकार दिनेश प्रताप सिंह, अजीत सिंह, कला समीक्षक पद्म कांत प्रभात, कवि कमलेश मौर्य मृदु एवं युवा प्रतिभागी एवं आमंत्रित कलाकर उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर श्री कांत तिवारी कान्त ( राष्ट्रीय कवि) की पुस्तक "झोपड़ी गिरवी पड़ी है" का विमोचन हुआ।अतिथियों द्वारा कृतियों का अवलोकन करने के बाद अकादमी द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की और यह इच्छा व्यक्त की कि अकादमी अपने उद्देश्यों के अंतर्गत देश में अपना एक अलग स्थान बना रही है। प्रदर्शनी के समापन समारोह का संचालन उत्कर्ष ललित कला अकादमी की सचिव डॉक्टर स्मिता तिवारी ने किया तथा उन्होंने सभी कलाकारों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पुनः ऐसे कार्यक्रमों में सहभागी होने की आकांक्षा व्यक्त की। संयोजन राजेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया है




# सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने गन्ना विकास संस्थान में की बैठक

**मीडिया फॉर यू**

**बाराबंकीः अशरफ अली**

उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के तत्वावधान मे कोटेदारों ने गन्ना विकास संस्थान मे बैठक आयोजित किया ।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रीता वर्मा ने किया कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित वर्मा व संचालन मनीष गौतम जिसमे कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र जिला पूर्ति अधिकारी बाराबंकी को कार्यालय पहुच कर दिया गया ।।

जिसमे उन्होंने बताया कि नई ई-पास मशीनों में नेटवर्क का ना आना , व शासन द्वारा हम कोटेदारों को बिना मेहनतना दिए ई केवाईसी करने तथा सरवर की समस्या हमेशा बनी रहती है एव सिंगल डोर स्टेज डिलीवरी के तहत 25% छोटे वाहन लगाये जाने व - बाराबंकी जनपद में समूह के सभी कोटेदारों का दिसंबर 2023 का वितरण भुगतान अभी तक नहीं हुआ है जिसको आपके माध्यम से तत्काल दिलवाये जाने का तथा लंबे समय से तहसील मुख्यालय पर कार्यरत पूर्ति अधिकारी का तबादला किए जाने एव पूरे प्रदेश में लगभग कांटा युक्त मशीन लग गई है जिससे वितरण प्रणाली में काफी प्रदर्शिता हो गई है और वितरण प्रणाली सुचार रूप से चल रही है फिर भी गांव में कार्डधारकों द्वारा कोटेदारों से आपसी रंजिश के चलते परेशान करने की नियत से शिकायत की जाती है जिस पर कोटेदारों पर तत्काल कार्रवाई हो जाती है आपसे हम सभी कोटेदार अपेक्षा करते हैं कि शिकायतकर्ता के साथ-साथ हम कोटेदारों की भी सुनवाई आपके माध्यम से सहानुभूतिपूर्वक की जाए आदि मांगो को लेकर मांग पत्र जिला पूर्ति अधिकारी को दिया ।जिपर डीएसओ ने समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान के आवश्यक दिशा निर्देश ।। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सूरतगंज प्रेम कुमार ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर गजेंद्र सिंह गौरी शंकर फूलचंद कृष्णानंद ब्लॉक अध्यक्ष मसौली, रवि कुमार सहित तमाम कोटेदार उपस्थित रहे।।



# कांग्रेस के कार्यालय पर वसीम अकरम एडवोकेट ने मीटिंग की

**मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के ज़िला चेयरमैन वसीम अकरम एडवोकेट ने पार्टी जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए हम जनता का आभार व्यक्त करते है अल्पसंख्यक कांग्रेस ने चुनाव में समर्थन के लिए मुस्लिमों दलितों और पिछड़ों का आभार व्यक्त किया सवर्णों का 80 प्रतिशत वोट भाजपा में जाना चिंता का विषय नए सवर्ण नेताओं को विकसित करेगी कांग्रेस पार्टी जिला चेयरमैन वसीम अकरम एडवोकेट ने उम्मीद जताई कि कभी भी देश मे मध्यावधि लोक सभा चुनाव हो सकते हैं जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाई जाएगी

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वसीम अकरम एडवोकेट ने कहा कि सेंटर फार द स्टेडी आफ डेवलपिंग सोसाइटी सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों 92 प्रतिशत वोट उत्तर प्रदेश मे और देश भर मे एक मुश्त वोट मिला है वहीं पिछड़ों अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा वोट के रूप मे इंडिया गठबंधन के साथ था इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस मुस्लिम दलित पिछड़ों और अति पिछडा वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 79 प्रतिशत हिस्सा 2024 लोकसभा चुनाव मे भाजपा के साथ गया है और सिर्फ. 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला है इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि उत्तर प्रदेश मे 79 % सवर्ण वोट बीजेपी को जाना देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय जरूर है इसकी एक बड़ी वजह ये भी है कि सवर्ण समाज में इंडिया गठबंधन के मुद्दों का ना पहुच पाना भी हो सकता है जिला चेयरमैन ने कहा कि कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ले सके

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय जातिगत जनगणना आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलाएगी

प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष ढउउ सदस्य नजाकत अल्वी अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला महासचिव सरीब नबी एडवोकेट मोहसिन युवा नेता चौधरी शमसुद्दीन कुरैशी आदि मौजूद रहे




# गंगोह की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सहारनपुर से मिला रालोद नेताओ का प्रतिनिधिमंडल

**मीडिया फॉर यू**

**गंगोह (सहारनपुर) काजी शाहिद अहमद**

नगर की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी सहारनपुर डॉक्टर दिनेश चंद्र से मुलाकात कर कस्बे की मूल समस्याओं से अवगत कराते हुए शिकायत पत्र सौंपा।

सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, जिला अध्यक्ष राव केसर सलीम, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सलीम कुरैशी समेत नगर के आधा दर्जन से अधिक सभासद मौजूद रहे। इस दौरान सभासदों ने नगर पालिका चेयरमैन और अधिकारियों पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा की विपक्ष के सभासदों को नगर पालिका में ना तो कोई काम दिया जा रहा है, और ना ही उनके मौहल्ले में सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान दिया जा रहा है। रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सलीम कुरैशी ने जिलाधिकारी के समक्ष नगर की कुव्यवस्थाओं की को रखते हुए कहा कि नगर की साफ सफाई, जल निकासी आदि मूलभूत समस्याओं के बारे में अधिशासी अधिकारी को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं कि जा रही है तथा नगर में भेदभावपूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इस दौरान जिला अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने प्रतिनिधिमंडल को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर ने सुनी जनसमस्या



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में प्रतिदिन की भांति आज दिनांक 24 जून 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसके साथ ही महिला अपराधों से सम्बन्धित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए तत्काल ह्यक्विक रिस्पॉस टीम (महिला विंग)ह्ल को मौके पर भेजा गया इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीयों / थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों / थाना परिसर पर जनसुनवाई का आयोजन करते हुए जनता की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है ।

### करोड़ों की वक्फ संपत्ति को लेकर मौलाना हबीबुल्लाह मदनी और आजम खान के करीबी पूर्व मंत्री सरफराज खान पर लगे गंभीर आरोप

**मीडिया फॉर यू, सहारनपुर। काजी शाहिद अहमद**



पीड़ित साजिद ने मौलाना हबीबुल्लाह मदनी एवं पूर्व मंत्री सरफराज खान पर भूमाफियाओं को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाते हुए इंसाफ की गुहार लगाई।

सरसावा थाना क्षेत्र के गांव छावडी निवासी साजिद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की सहारनपुर जामा मस्जिद के निकट स्थित वक्फ संपत्ति पर भू माफियाओं की नजर है, 2011 से वक्फ नंबर 322 की दुकानें उनके नाम से किराए पर चली आ रही हैं। जिस पर मौलाना हबीबुल्लाह मदनी एवं पूर्व मंत्री सरफराज खान के इशारों पर कुछ भूमाफिया जिसमे अब्दुल वहाब पुत्र रियाज निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारान, हसीब पुत्र तैयब निवासी सिरसली कला थाना बड़गांव व असद हक्कानी पुत्र मौहम्मद अहमद निवासी इंदिरा चौक थाना मंडी जनपद सहारनपुर लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित साजिद चौधरी ने आरोप लगाया की उपरोक्त सभी भूमाफिया किस्म के व्यक्ति हैं, जो लगातार उसके परिवार को धमकियां दे रहे हैं। एक और जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भू माफियाओं के खिलाफ सख्त हैं, वहीं जनपद में बड़ा राजनीतिक रसूख रखने वाले मौलाना और नेताओं के संरक्षण में भूमाफियाओं की दबंगई चचाओं का विषय बनी हुई है।

# औधोगिक भूमि के पूर्ण उपयोग में बाधा नियमो पर आईआईए ने की बैठक

**>> आईआईए चेयरमैन पवन गोयल ने आफसरो से कहा मेरे किसी सदस्य की न रोकी जाए कोई भी एनओसी**

**मुजफ्फरनगर!भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर इन्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) मुजफ्फरनगर चैप्टर की एक जनरल मीटिंग अपने सभी मेंबर्स के लिए होटल स्वर्ण इन्न एण्ड सुइट्स,सर्कुलर रोड पर आयोजित की गई।औद्योगिक भूमि के पूर्ण उपयोग में बाधक नियमोह्व विषय पर चर्चा की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कपिलदेव अग्रवाल (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य गणमान्य अतिथियों में सरकारी विभागों से शार्दुल तिवारी टाउन प्लानर-यूपीसीडा कानपुर से, राकेश झा रीजनल मैनेजर यूपीसीड़ा मेरठ से, रविंद्र कुमार सिंह डिप्टी डायरेक्टर ऑफ फैक्टरीज मेरठ से, बी के शुक्ला असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फैक्टरीज, अनुराग कुमार चीफ फायर ऑफिसर, असिस्टेंट इंजीनियर इमरान अली पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और उद्योग केंद्र से उद्योग मित्र कामरान उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर कर किया। चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने अपने संबोधन में औद्योगिक भूमि से जुड़ी समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा। पवन कुमार गोयल ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपनी एकता और सहयोग अपनी संस्था के साथ बनाए रखें ताकि उद्योग जगत को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके माननीय मंत्री कपिलदेव अग्रवाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा । आई आई ए चेयरमैन पवन गोयल ने प्रशासन के अफसरों से कहां की छोटी



छोटी कमियों की वजह से उद्योग की एनओसी न रोकी जाए, जो कमियां हो वह आवेदक को बता कर ठीक करा ली जाए। जिससे हमारा लघु उद्यमी अपने उद्योग को सरकार के नियमो की अनुपालना करके सुगमता से चला कर सरकारी राजस्व को बढ़ाने में सरकार का सहयोग करे। दिल्ली की एनजीओ संस्था प्रोस्पेरिटी की फाउंडर डायरेक्टर भुवाना आनंद ने इस विषय पर 10 राज्यों की तुलना और विदेशों पर किए गए अध्ययन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी व औद्योगिक भूमि के उपयोग में आ रही बाधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके समाधान के उपाय भी बताए।आई आई ए के पूर्व चेयरमैन नवीन जैन ने अवगत कराया की कई सरकारी कार्यालय जैसे सिविल हॉस्पिटल, कचहरी, मंगल पीठ बाजार, सरकारी स्कूल व कॉलेज में न तो कोई अग्नि शमन की व्यवस्था है और न ही रैन वाटर हार्वेस्टिंग की। जब सरकार ही असमर्थ है, तो छोटे उद्योगों पर इनका दबाव न बनाया जाए।पूर्व चेयरमैन कुशपुरी ने सुझाव दिया की शीर्ष अधिकारियों की एक मीटिंग आईआईए के साथ जिला स्तर पर जरूर कराई जाए माननीय मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने अपने संबोधन में उद्योग जगत के महत्व को रेखांकित किया और सरकार की ओर से उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भूमि के पूर्ण उपयोग के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी और संबंधित नियमों में शासन स्तर पर आवश्यक विचार विमर्श करके नियमो को अन्य राज्यो अनुरूप बनाने का प्रयास करूंगा यदि आवश्यक हुआ तो आपकी मीटिंग शासन के सचिव स्तर के अधिकारियों से लखनऊ में फिक्स करवाऊंगा। विभागीय अधिकारियों ने अपना पूर्ण सहयोग आईआईए को देने के लिए कहा बैठक में उपस्थित सभी अतिथियों को श्रीमद भागवत गीता जी और गोरखपुर गीता प्रेस की डायरियो के साथ मोमेंटो आईआईए की ओर से प्रदान करके आभार जताया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए आईआईए सचिव अमित जैन ने समाश्याओ को जोर शोर से अधिकारियों के समक्ष रखा और बैठक में उपस्थित सभी उद्यमियों अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में सर्वश्री कुश पुरी, नवीन जैन, मनोज अरोरा, अनुज स्वरूप बंसल, पंकज जैन, मनीष भाटिया, अमित गर्ग, सुशील अग्रवाल, अमन गुप्ता, उमेश गोयल, राहुल मित्तल, राज शाह, अरविंद मित्तल, अंकुर गर्ग, शमित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, राजेश गोयल, अनिल त्यागी, विवेक गोयल, अशोक शाह, फकीर चंद मोगा, राहुल सिंघल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, राकेश जैन, राकेश ढींगरा, तुषार एडवोकेट, नमन जैन, अतुल गर्ग, अजय अरोरा, विजय कपूर, अनुज कुच्छल, डॉ यशपाल सिंह, वंश कपूर, प्राचीर अरोरा, पंकज मोहन गर्ग,अरविंद गुप्ता, तरुण गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, सुनील चौधरी, असद फारुकी, नईम चांद, विपुल गर्ग, प्रशांत गुप्ता, राजीव सिंघल, मनोज कुमार आदि भारी संख्या में उद्यमीयो ने प्रतिभाग किया।

## बीसीए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में छात्राओं ने मारी बाजी

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने बी.सी.ए. में षत प्रतिषत रिजल्ट देकर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया। आज बी.सी.ए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची तैयार की गयी। मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में बीसीए तृतीय सेमेस्टर की मेरिट सूची में प्रियांषी गोयल ने 84.17, जयश्री राणा एवं तनु बालियान ने संयुक्त रूप से 81.33 और रिया शर्मा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर 355 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये है।

मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होनें बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है, तथा उनकी अपने-अपने विषय पर पकड़ बहुत अच्छी है, जिसके कारण किसी भी विषय को समझने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी विघार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विभाग के सभी प्रवक्ताओं को उनके सतत प्रयासों के लिये सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलताओं के आकाश को छूने की आशा व्यक्त की। संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मान बढ़ाया है।

इस अवसर पर कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष निशांत राठी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने अथक प्रयास किया है जिसका परिणाम यह है कि आज हमारे महाविद्यालय की जिले में उत्कृष्ट पहचान बन गयी है, जो बहुत गर्व की बात है। छात्रों के साथ साथ इस महाविद्यालय के प्रवक्ता भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी जानकारियाँ उपलब्ध कराई हैं। छात्रों को सम्मानित करने के मौके पर संकाय के विभागाध्यक्ष निशांत राठी एवं प्रवक्ता नीतू सिंह, प्रवीण कुमार, अमित त्यागी, डा. प्रमोद कुमार, विकास कुमार, मौ. युसुफ, अंकुर रोहेला, संजयकान्त, हिमांशु होरा, विश्वास कुमार, राहुल गौतम, राधिका मित्तल, निधि, विधि तायल, शुभम तायल, सिद्धांत गर्ग, नवनीत चौहान, अजय कुमार, राहुल मेनवाल, सुमित सैनी, कपिल कुमार, हंस कुमार एवं मनोज पुण्डीर, दिनेष यादव आदि ने सभी को बधाई दी।

## कार और ट्रैक्टर के बीच हुई भीषण टक्कर



**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी: अशरफ अली**

जनपद बाराबंकी के अयोध्या लखनऊ हाईवे पर सालासर ढाबे के सामने एक ७४५ कारऔर ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गयी है इस सूचना पर चौकी हथौधा की पुलिस बल मौके पर पहुंचा व सव नंबर ४स्त्र 32 ा५ 0266 जिसको श्री गिरीश यादव पुत्र रामनरेश यादव एक्स आर्मी मैन निवासी बीबीडी लखनऊ अयोध्या से चलकर लखनऊ की ओर जा रहे थे रांग साइड से ताज मोहम्मद पुत्र सरवर अली निवासी मऊ गौरपुर थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी ट्रैक्टर नंबर ४स्त्र 41२ 9778 ट्रैक्टर को लेकर आ रहा था सालासर ढाबे के सामने दोनों गाड़ियों का एक्सीडेंट हो गया दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है ट्रैक्टर चालक के ड्राइवर को कुछ गंभीर चोटे आई हैं उसको इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट भिजवाया गया है ७४५ के मालिक गिरीश यादव को भी कुछ गंभीर चोटे आई हैं ट्रैफिक व्यवस्था समान है

## मीरी पीरी के मालिक छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व एवं भगत संत कबीर जी का जन्मदिवस पर्व मनाया गया

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर खतौली गुरुद्वारा माता राममूर्ति मे कल रात्रि मीरी पीरी के मालिक छठे गुरु गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व एवं भगत संत कबीर का जन्मदिवस पर्व गुरुबानी शब्द कीर्तन एवं गुरु साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालकर बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया गया जिसमे मुजफ्फरनगर से किसान चिंतक समाजसेवी सरदार सतनाम सिँह हँसपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बाटला जी एवं सुखमनी साहिब की पाठ की रोजाना लड़ी करने वाली सभी महिलाओ को प्रबंधक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया! कार्यक्रम का संचालन सरदार सतनाम सिँह खतौली वालो द्वारा किया गया! रात्रि ९बजे सरबत दे भले की अरदास ज्ञानी सोहन सिँह जी द्वारा की गई उपरांत गुरु का अटूट लंगर संगतो को छकाया गया! इस मौके पर मुख्य रूप से सरदार विरेन्दर सिँह मान, सरदार तजेन्दर सिँह प्रधान,जोगिंदर सिँह सलूजा, रिंकू सिँह सलूजा, आदेश बहन जी,लता रानी मंडल महामंत्री महिला मोर्चा, प्रवीण ठकराल, अवतार सिँह, सतपाल सिँह सकरेट्री सिँह सभा ,जसबीर सिँह खजाँची,राजेंद्र तनेजा प्रधान शिव मूर्ति, इंदरजीत सिँह जीनस, चुन्नीलाल जी, ईश्वर सिँह, सरदार हरभजन सिँह,आशीष रावल, नितिन ग्रोवर,गोगिया जी,विद्याभूषण साहनी ओम जी मोबाईल, सुमित रहेजा महेन्दर सिँह आदि ने उपस्थित रहकर गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त की

# नवीन मंडी स्थल संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान पर हुई एक चुनावी बैठक

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर!भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर नवीन मंडी स्थल में व्यापारियों की एक बैठक हुई जिसमें आगामी चुनाव द गुड़खांड सारी ग्रैंन मर्चेंट एसोसिएशन होने वाले हैं उसे पर विचार विमर्श के लिए बैठक बुलाई गई इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी वेद प्रकाश गोयल के द्वारा की गई और संचालन संजय मिश्रा द्वारा किया गया संजय मिश्रा ने बताया परिवर्तन संसार का नियम है पिछले कई वर्षों से परिवर्तन ना होने कै कारण ऐसोसिएशन निष्क्रिय हो गई है अबकी बार चुनाव प्रक्रिया के द्वारा पदाधिकारियों का परिवर्तन होना चाहिए चुनाव प्रक्रिया के दोरान हमें आपस मे कोई देष भाव नहीं रखना चाहिए चुनाव प्रक्रिया एक वैचारिक मतभेद हैं हमारे बीच कोई मनभेद नहीं होना चाहिए हम सब व्यापारी हैं पहले ऐसोसिएशन में लगभग 500सदस्य थे आज के समय में 257सदस्य रहे हैं जितेन्द्र कुच्छल ने कहा कि मंडी की समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि हमारी समस्याओं का निस्तारण ना होने का कारण भी यही है कि कई सालों से पदाधिकारी में बदलाव नहीं हो रहे तो अबकी बार चुनाव से बदलाव होना चाहिए व्यापारी नेताअचिंत मित्तल ने बताया कि हम सब व्यापारी हमें पहले तो व्यापार को बढ़ावा देना है और मंडी समिति द्वारा व्यापार में मिलने वाली सरकारी सुविधाओं को प्राप्त करना है और वह भी जबहि मिलेगी जब कुछ परिवर्तन होगा अतः चुनाव होने चाहिए वरिष्ठ व्यापारी कैलाश गोयल ने कहा की मंडी की हालत बड़ी दयनीय है अतः परिवर्तन होना चाहिए रविंद्र कुमार जी ने कहा कि व्यापारी को व्यापार चाहिए और उनके लिए रात दिन में खड़े होने पदाधिकारी चाहिए तो अबकी बार चुनाव प्रक्रिया से संगठन में बदलाव होना चाहिए वहां उपस्थित सभी व्यापारियों ने दोनों हाथ उठाकर चुनाव के लिए सहमति जताई कि अबकी बार चुनाव होना ही चाहिए चुनाव के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसमें संजय मिश्रा जितेंद्र कुच्छल कृष्ण चंद्र मुंन्दडा अचिंत मित्तल रविंद्र कुमार अशोक बंसल का नाम रखा गया मंच पर उपस्थित वेद प्रकाश गोयल चंद्रमणि शर्मा जी कैलाश गोयल सचिन मित्तल रविंद्र कुमार प्रमोद बंसल अशोक बंसल रवींद्र वर्मा गुरूदत जी मंच पर उपस्थित रहे और मीटिंग में सैकड़ो की संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया जिसमें से मुख्यतः अनुज बंसल संजय गोयल मनीष चौधरी दिनेश चौधरी चंद्रजीत राठी सज्जन कुमार जैन भारत भारत कुमार सिंघल सुशील मित्तल रमेश कुमार गोपाल कुमार अरुण गुप्ता रजत गोयल रमन शर्मा राजीव जैन अमन कुच्छल रवि कुच्छल कुश कुच्छल सुरेंद्र मित्तल सूर्यकुमार नवल अग्रवाल दिनेश मित्तल मदन मदन अनिल दिक्षित सुशील बंसल मनोज बंसल दीवान चंद अनुज बंसल सुखबीर सिंह रमन शर्मा रवि शर्मा रोहित कुमार बिट्टू कुमार सचिन कुमार राजीव कुमार देव कुमार दीपक कुमार सुदेश कुमार जैन अभिनंदन कुमार जैन दीपक सज्जन कुमार जैन कुलवंत सिंह काकन सुरेन्द्र बंसल आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे बैठक के पश्चात सभी ने जलपान किया और अध्यक्ष जी ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया

## पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा किया गया थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण, आगामी कांवड यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सर्वप्रथम महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा गया जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम,पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान का विवरण उल्लेखित के संबंध में जानकारी की गयी। तदोपरान्त थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों के रखरखाव तथा अद्यतन स्थिति देखी गई। महोदय द्वारा त्यौहार रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची, अपराध रजिस्टर, ग्राम रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण अभिलेखों का का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही महोदय द्वारा अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही करने, गैंगस्टर अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही करने, हिस्ट्रीशीटर्स की समय-समय पर चैकिंग करने एवं फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । निरीक्षणोपरान्त महोदय द्वारा आगामी कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर पर कावंड यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही महोदय द्वारा थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जानकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने एवं लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु थानाध्यक्ष कोतवाली नगर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की देखरेख में निशुल्क उर्दू की पढ़ाई कराई, जिया उलूम स्कूल में 35 बच्चों ने दी परीक्षा, सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की देखरेख में निशुल्क उर्दू शिक्षण केंद्र जिया उलूम स्कूल में ह्यूमेनिटी वेलफेयर सोसायटी संस्था की ओर से उर्दू का कोर्स पूरा करने वाले 35 बच्चों की परीक्षा कराई गई। बाद में बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर माज अख्तर अहसान सुप्रिटेंडेंट उर्दू एकेडमी उत्तर प्रदेश ने बताया कि उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी एक सरकारी संस्था है, जो सरकार द्वारा वित्त पोषित है। उर्दू अकादमी का काम उर्दू भाषा का प्रचार प्रसार करना है और जो बच्चे उर्दू सीखना चाहते हैं, उन्हें निशुल्क उर्दू सिखाई जाती है, ये कोर्स करने के लिए 16 साल से ऊपर किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं ,ये एक साल का होता है, इस कोर्स को कक्षा आठ के बराबर माना जाता है। इसके बाद बच्चे आगे की पढ़ाई भी कर सकते हैं, जिसका फायदा उन्हें नौकरी में भी मिलता है। उन्होंने बताया कि शाम को एक घंटे के लिए उर्दू कोचिंग



स्कूल चलाये जाते हैं और जिन बच्चों को बिल्कुल भी उर्दू नहीं आती है उन्हें उर्दू सिखाई जाती है। पूरे सूबे में उर्दू अकादमी 70 कोचिंग स्कूल मुफ्त चला रही है। मुजफ्फरनगर में ये अकेला उर्दू कोजिंग सेंटर है एकेडमी की तरफ से जो ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी को मिला है,इस बार जिया उलूम स्कूल में ह्यूमेनिटी वेलफेयर सोसायटी संस्था के सहयोग से 35 बच्चों की परीक्षा कराई गई है। बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे, आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने निरीक्षण कर सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि सर्व समाज संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि आज उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश की ओर से जिया उलूम स्कूल में ह्यूमेनिटी वेलफेयर सोसायटी संस्था के सहयोग से परीक्षा कराई गई, जिन बच्चों ने एक साल तक उर्दू सीखी है, अब आगे चलकर बच्चे अपनी पढ़ाई को जारी रख सकते हैं और नौकरी में भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू की तरह ही बच्चों को संस्कृत भाषा भी सीखनी चाहिए, ताकि अपने धर्मशास्त्रो को पढ़कर ज्ञान अर्जित किया जा सके। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की स्थापना कर उर्दू भाषा की निशुल्क पढ़ाई की जा रही है, उसी प्रकार संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को संस्कृत अकादमी की स्थापना कर बच्चों को निशुल्क संस्कृत भाषा सिखानी चाहिए ताकि संस्कृत भाषा सीख कर बच्चे अपने धर्मशास्त्रो को पढ़कर ज्ञान अर्जित कर सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मेरठ प्रांत संयोजक फैजुररहमान,,ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक शावेज अंसारी, व टीचर गोसिया रहमान का भी सहयोग रहा।

मीडिया फॉर यू

उत्तर प्रदेश

गाजियाबाद, मंगलवार 25 जून 2024



# बुढाना थानाप्रभारी आनंद देव मिश्रा व उनकी टीम की नशे के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर!भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में बुढाना थानाप्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा अपनी चिर परिचित और दबंग शैली में कार्य करते हुए एक बार फिर नशे के सौदागरों को जेल भेजने के चलते चर्चाओं में है उनकी चर्चाओं को आज तब बल मिला जब उन्होंने नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर जेल की हवा खाने पर विवश किया नशा समाज के लिए बहुत ही घातक है और युवा पीढ़ी को खोखला बना देता है इसी पर कुठाराघात करते हुए आज आनंद देव मिश्रा व उनकी टीम उपनिरीक्षक ललित कसाना व उपनिरीक्षक संदीप कुमार व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह व हैड कॉस्टेबल संजय कुमार,हैड कॉस्टेबल नीरज त्यागी,कॉस्टेबल नकुल सांगवान, कॉस्टेबल अंकुर कुमार, कॉस्टेबल राजीव अत्रि व कॉस्टेबल अनुज कुमार ने दो शातिर नशा माफियाओ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है उनकी है नशे के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।अवगत कराना है जनपद मुजफ्फरनगर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक बुढ़ाना आनन्द देव मिश्रा के कुशल नेतृत्व में आज थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के



दौरान 02 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण को बुढ़ाना कांधला मार्ग पर गढ़ी सखावतपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 500 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 50 लाख) तथा तस्करी मे प्रयुक्त 01 कार बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना बुढ़ाना पुलिस को मुखबिर खास के जरिये सूचना मिली 01 गाड़ी में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तगण बुढ़ाना- कांधला मार्ग पर आने वाले हैं। इस सूचना पर थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा बुढ़ाना-कांधला मार्ग पर बैरियर लगाकर आने-जाने वाले वाहनो की चैकिंग करने लगे। कुछ समय पश्चात मेरठ की ओर से 01 कार आती हुई दिखाई दी जिसे चैकिंग हेतु रुकने का ईशारा किया गया तो कार सवारों द्वारा बैरियर की साईड से कार को लेकर भागने का प्रयास किया गया। थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा साहस का परिचय देते हुए कार सवारों को भागने का मौका दिये बिना आवश्यक बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 500 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 50 लाख) तथा तस्करी मे प्रयुक्त 01 कार बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 252/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम शशांक पुत्र मुनीश दीक्षित निवासी मौहल्ला अंसारी थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली व रजत पुत्र मुनीश दीक्षित निवासी मौहल्ला अंसारी थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली।बरामदगी- 500 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 50 लाख) व 01 फोर्ड फिएस्टा कार नं0- यू0पी0 15 बीजे 7720 व पूछताछ का विवरण- प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वह अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की कार्य करते हैं तथा बरेली में अज्ञात व्यक्ति से मादक पदार्थ लेकर उसे जनपद शामली के विभिन्न क्षेत्रों मे ऊँचे दामों पर बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं।नोट-गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अन्तर्जनपदीय अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण हैं । थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा इनके विस्तृत आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कथित शिव कथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा के खिलाफ होने वाली महापंचायत की तैयारियां हुई पूर्ण

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**




**मथुरा:** भगवान कृष्ण की आल्हादिनी शक्ति श्री राधा रानी को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले कथित शिव कथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा के खिलाफ ब्रज में व्याप्त भारी आक्रोश है. महापंचायत के रूप में ब्रजवासियों का आक्रोश बरसाना के मान मंदिर स्थित रस मंडप में दिखाई देगा. दोपहर बाद 3:00 बजे से शुरू होने वाली इस महापंचायत में हजारों की संख्या में बृजवासी,मंदिरो की सेवायत गोस्वामी और ब्रज के प्रमुख वरिष्ठ संत पंचायत में शामिल होंगे. पंचायत को लेकर बड़े पैमाने पर मान मंदिर के रस मंडप में तैयारी की गई है। तैयारी में जुटे मान मंदिर के सचिव सुनील सिंह ने बताया कि ब्रज के परम विरक्त संत पद्मश्री प्राप्त संत रमेश बाबा की अध्यक्षता में यह महापंचायत होने जा रही है। इस महापंचायत में समस्त राधा कृष्ण के भक्तो की हजारों की संख्या में आने की संभावना है. वो सभी आज इस मामले में ठोस निर्णय लेंगे

### थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम द्वारा एक चोर गिरफ्तार, चोरी किया गया 01 अदद पानी का मोटर बरामद



**मीडिया फॉर यू ,राम गोपाल चौधरी**

**रेहरा बाजार - बलरामपुर ,** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार यादव के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार के नेतृत्व मे: दिनांक 23.06.2024 को रेहराबाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी0 मु0अ0सं0-161/2024 धारा 379/411 भादवि से संबंधित अभियुक्त गोर्रे चौहान उर्फ गोरदा पुत्र रामफेर चौहान निवासी ग्राम सपहा सरायखास थाना रेहराबाजार जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया हुआ 01 अदद पानी का मोटर बरामद होने पर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया '

### पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा किया गया सम्मानित

**मीडिया फॉर यू , देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**



**बलरामपुर ,** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा वर्ष 2023- 2024 की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवार जनपद बलरामपुर के मेधावी छात्र-छात्राओं को रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य और कड़ी मेहनत से लक्ष्य प्राप्ति की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइन्स श्रीमती ज्योतिश्री, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन बिहारी सिंह यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

### मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने दिया आश्वासन

**मुजफ्फरनगर!भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर मे भोपा रोड पर भीषण सडक दुर्घटना मे सदर विधानसभा के ग्राम तिगरी की रेनू देवी व ग्राम मखियाली के दीपक कश्यप के निधन के उपरांत नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार मे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने उनके घर जाकर परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रवीण सैनी, मोहनलाल, भोपाल सैनी, विशाल खोखर,विनोद कश्यप, राजेश कश्यप आदि मौजूद रहें।

## तहसील अफजलगढ़ का नक्शा तैयार कर उसे प्रस्तुत करें: डीएम

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौर: अतीक अहमद**



चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता ना बरतें उन्होंने तहसीलदार धामपुर को निर्देश दिए कि तहसील अफजलगढ़ का नकशा तैयार कर उसे प्रस्तुत करें और तहसील मुख्यालय के लिए उपयुक्त स्थान का चिन्हिकरण करना भी सुनिश्चित करें उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमा स्थम्भ सही तौर पर चिन्हांकन करें क्योंकि उक्त कार्य का जीओ टेगिंग भी किया जाना है अतः सभी अधिकारी उक्त कार्य को पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करें जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे उन्होंने समीक्षा करते हुए पाया कि चांदपुर व नगीना तहसील में बैंक बंधक प्रकरण के मामले अधिक संख्या में लम्बित हैं उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए कि 03 दिन के भीतर सभी प्रकरण निस्तारण करना सुनिश्चित करें उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य की सुविधा के लिए जिन तहसीलों में सामुदायिक शौचालय मौजूद नहीं हैं उनका प्रस्ताव तत्काल संबंधित नगर पालिका को उपलब्ध कराएं और जहां शौचालय मौजूद हैं वहां साफ सफाई की नियमित एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें उन्होंने यह भी निर्देश दिए तहसील मुख्यालयों पर निष्प्रयोज्य सामग्री एवं सामग्री की नियमानुसार वीडिंग करें और सभी अभिलेखों का रखरखाव सही रखें इस अवसर पर उन्होंने 01जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए अपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में जिला अभियोजन अधिकारी को निर्देश दिए कि नए एवं संशोधित होने वाले कानूनों का चार्ट सभी उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि रा अरविंद कुमार सिंह उप जिलाधिकारी सदर मनोज कुमार डिप्टी कलेक्टर जिला सूचना अधिकारी जयेन्द्र सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे

## जिला संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदानियों को सम्मानित किया गया



**मीडिया फॉर यू , देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुर ,** सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में जनपद के रक्तदानियों को सम्मानित करने हेतु एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर डॉ राजकुमार तथा उपजिला अधिकारी सुशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में जनपद के 30 विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को सम्मानित किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से यूथ हॉस्टल, लायंस क्लब ,अग्रसेन सेवा समिति , एसएसबी ,एनसीसी अमर उजाला फाउंडेशन , दैनिक जागरण ,एमएलके कॉलेज सहित अनेक संस्थाओं के सदस्यों को सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक की पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर आकांक्षा शुक्ला द्वारा उपस्थित सदस्यों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने का शपथ दिलाया गया

## दिनदहाड़े फायरिंग मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**



रविवार को अंबेहटा कस्बे के मोहल्ला पाटियान मे दिन दहाड़े हुई फायरिंग का नकुड़ पुलिस कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र गौतम व अंबेहटा चौकी प्रभारी नरेंद्र भड़ाना ने पुलिस टीम के साथ मिलकर घटना का मात्र 8 घंटे मे खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये है।

बतादे की रविवार को पुराने लेन-देन को लेकर दो अभियुक्तों ने नगर के मोहल्ला पटियान में किराने की दुकान व मकान पर दिनदहाड़े फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। जिसमे दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल ही अभियुक्तों की तलाश शुरू करदी थी। जिसमे नकुड़ पुलिस ने अंबेहटा इस्लामनगर रोड स्थित कब्रिस्तान के पास से आहाद पुत्र जिन्दा निवासी मोहल्ला किला अंबेहटा व सलीम पुत्र मुनफेद निवासी मोहल्ला नयाबास अंबेहटा को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। एसपी देहात सागर जैन ने घटना का खुलासा करते हुए बताया पुराने लेन-देन को लेकर दोनों के बीच विवाद था. पुराने लेन-देन को लेकर ही घटना को अंजाम दिया गया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

## मथुरा की ग्राम पंचायत हकीमपुर में जगह-जगह गंदगी का अंबार

**>> ग्राम प्रधान द्वारा संबंधित अधिकारियों से सफाई कर्मियों की मांग करने के बावजूद भी नहीं मिले सफाई कर्मी**

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**



**मथुरा:** आज हमारी टीम द्वारा मथुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हकीमपुर के विकास विकास कार्यों का जायजा लिया गया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में उनके द्वारा ग्राम पंचायत में काफी विकास कार्य कराये गये है कई इंटरलॉकिंग खरंजे नाली निर्माण व शाहिद स्मारक और प्राइमरी विद्यालय की बाउंड्री वॉल के साथ-साथ गांव की पोखर की भी सफाई कराई जा रही है गांव में मुख्य रूप से पीने के पानी की विशेष समस्या है जो कि पीने का पानी गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है जिसकी वजह से ग्रामीणों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है यदि हम गांव में साफ सफाई की बात करें तो गांव में मात्र एक महिला सफाई कर्मी है जिससे कि पूरे गांव की सफाई नहीं हो पाती है जिसकी वजह से गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार भी देखा जा सकता है आईये सुनते हैं ग्राम हकीमपुर की कहानी ग्राम प्रतिनिधि रामकुमार चौधरी की जुबानी

## मोहल्ला पटेल नगर अजीज मिस्त्री के घर के सामने विद्युत की एलटी लाइन नंगा तार नीचे तक लटका हादसे को दावत दे रहा है

**मीडिया फॉर यू**

**मसीउद्दीन खान मस्सू**



**उतरौला बलरामपुर:** मोहल्ला पटेल नगर आसिफ हाफिज जी, अजीज मिस्त्री, के घर के ठीक सामने सड़क के एकदम करीब लटका विद्युत का नंगा तार हादसे को दावत दे रहा है। इस खुले तार से किसी भी दिन, किसी भी क्षण कोई गंभीर हादसा हो सकता है। क्योंकि अब मोहर्रम भी नजदीक आ गया है, इस मौके पर अलम व जुलूस भी निकलता है, जुलूस में बहुत बड़ी तादाद में लोग शामिल रहते हैं। किसी ने भी गलती से हाथ ऊपर उठा लिया तो अनहोनी हो सकती है। अतः इस खुले खतरनाक विद्युत तार को जनहित में ऊपर किया जाना बहुत जरूरी है। ताकि किसी अप्रिय घटना होने से बचाया जा सके, पिछले मोहर्रम में कई लोगों को करंट लग चुका है। पूरे उतरौला नगर में जहां-जहां से मोहर्रम का जुलूस गुजरता है, पहले से ही चेकिंग करके विद्युत के खुले नंगे तारों को ऊपर किया जाना बहुत जरूरी है। ताकि किसी को करंट व दुर्घटना से कोई नुकसान न पहुंचे, और मोहर्रम के त्यौहार में निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जा सके।

## शिक्षा प्राप्ति के बाद जीवन में शेष संस्कार ही शिक्षा: डॉ. किशनवीर सिंह शाक्य

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**




**मथुरा:** केशवधाम क्षेत्र स्थित रामकली देवी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती ब्रज प्रदेश के तत्त्वावधान में चल रहे छह दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत वन्दना सत्र का आयोजन संपन्न हुआ।जिसमें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री व उ. प्र. माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के पूर्व सदस्य डॉक्टर किशनवीर सिंह शाक्य ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ लिखने के बाद संस्कारों के रूप में जीवन में जो शेष रह जाए वही शिक्षा है। इसलिए शिक्षा में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अनुपालन उसके सघन अध्ययन से ही संभव है। बिना करणीय को जाने लक्ष्य पाना कठिन होगा। आचार्य की परिकल्पना का साकार रूप ही शिक्षा है।आचार्य शिक्षण कार्य को आनंदमय ढंग से श्री गणेश करेंगे तो शिक्षण की संप्राप्ति सहज और सरल होगी। वंदना सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना, ध्यान, गायत्री मंत्र, भारत माता स्तुति, और शांति मंत्र से हुआ। ब्रज प्रदेश के सरकारी बारह जिलों से सहभागी महिला एवं पुरुष आचार्यों ने प्रातः काल प्रधानाचार्य से योग शिक्षा के विविध आयामों की क्रियात्मक जानकारी प्राप्त की। योग शिक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण निरन्तर दिया जाएगा। वर्ग संयोजक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों की तकनीकी शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और अभिव्यक्ति कौशल की भी परीक्षाएं होंगी। इस अवसर पर प्रदेश निरीक्षक प्रमोद वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, लोकेश्वर प्रताप सिंह, डॉक्टर राकेश सारस्वत (पालक अधिकारी), डॉक्टर सतीश मिश्रा, सरस्वती विद्या मंदिर ब्रज प्रदेश प्रकाशन के निदेशक डॉक्टर रामसेवक सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता